लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2831

12 मार्च, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

प्रखंड स्तर पर हथकरघा संकुल

2831. **श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी:**
श्री दीपसिंह शंकरसिंह राठौड़:
श्री मोहनभाई कुंडारिया:

क्या **वस्त्र मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में प्रखंड स्तर पर हथकरघा संकुल विकसित करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) तेलंगाना में वर्तमान में कार्यरत प्रखंड स्तर के हथकरघा संकुल का ब्यौरा क्या है;

(ग) तेलंगाना राज्य में नए हथकरघा संकुल की स्थापना हेतु चिन्हित किए गए स्थानों का ब्यौरा क्या है;

(घ) प्रत्येक संकुल के लिए कितनी राशि आबंटित की गई है और इस परियोजना हेतु अब तक कितनी राशि जारी की गई है;

(ड.) क्या सरकार को तेलंगाना राज्य में नए हथकरघा संकुल की स्थापना हेतु तेलंगाना राज्य सरकार से कोई नए प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क): योजना के प्रचलित दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य सरकारों से प्राप्त व्यवहार्य प्रस्तावों के आधार पर ब्लॉक स्तरीय क्लस्टरों को मंजूरी दी जाती है। देश में 2015-16 से राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) और व्यापक हथकरघा क्लस्टर विकास योजना (सीएचसीडीएस) के तहत कुल 440 ब्लॉक स्तरीय क्लस्टरों को मंजूरी दी गई है। मंजूर किए गए ब्लॉक स्तरीय क्लस्टरों का राज्य-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(ख) से (घ): तेलंगाना राज्य में राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के तहत स्वीकृत ब्लॉक स्तरीय क्लस्टरों (बीएलसी) का विवरण इस प्रकार है: -

(रूपये लाख में)

क्र.सं.	ब्लॉक स्तरीय कलस्टर (बीएलसी) और जिले का नाम	अब तक जारी की गई राशि	कवर किए गए लाभार्थी
1	अलर, यदाद्री भुवनगिरि	55.09	408
2	कमलापुर, वारंगल शहरी	58.00	624
3	वेल्तूर, वानपार्थी	31.75	235
4	अरमूर, निज़ामाबाद	24.64	100
5	श्यामपेट, वारंगल ग्रामीण	22.20	302
6	कनुकुला, पेड्डापल्ली	31.25	272
7	भूदान पोचमपल्ली, यदाद्री भुवनगिरि	30.35	387
8	वेमुलावाड़ा, राजन्ना सिरसिला	28.79	324
9	मार्कंडेय बचन्नापेट, जनगांव	24.00	159

(ड) और (च): तेलंगाना राज्य सरकार से नए ब्लॉक स्तरीय समूहों के 11 प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनकी जांच की गई और उनमें कुछ कमियां पाई गई थीं। उन कमियों के बारे में राज्य सरकार को सूचित किया गया है।

अनुबंध

2015-16 से 2020-21 (अब तक) के दौरान राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी)और व्यापक हथकरघा क्लस्टर विकास योजना (सीएचसीडीएस) के तहत मंजूर किए गए राज्य-वार ब्लॉक स्तरीय क्लस्टरों (बीएलसी) का विवरण

क्र. सं.	**राज्य**	**मंजूर किए गए बीएलसी की संख्या**
1	आंध्र प्रदेश	54
2	अरुणाचल प्रदेश	11
3	असम	59
4	बिहार	13
5	छत्तीसगढ़	9
6	गुजरात	5
7	हिमाचल प्रदेश	10
8	जम्मू और कश्मीर	13
9	झारखंड	30
10	कर्नाटक	7
11	केरल	6
12	लद्दाख (जम्मू और कश्मीर)	1
13	मध्य प्रदेश	6
14	महाराष्ट्र	6
15	मणिपुर	10
16	मेघालय	3
17	मिजोरम	10
18	नागालैंड	13
19	ओडिशा	30
20	राजस्थान	1
21	सिक्किम	1
22	तमिलनाडु	52
23	तेलंगाना	9
24	त्रिपुरा	4
25	उत्तर प्रदेश	48
26	उत्तराखंड	3
27	पश्चिम बंगाल	26
	कुल	**440**

***